## योगी ने लोक सेवा आयोग से चयनितों को नियुक्ति पत्र दिए

# पहले व्यवस्था में खोट थी हमने छवि बदली : सीएम

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता



लोक भवन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक सेवा आयोग से चयनित नायब तहसीलदारों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पहले व्यवस्था में खोट थी। योग्यता को अवसर नहीं मिलता था। प्रतिभावान हताश होते थे। सरकार बनने पर 2017 में हमने तय किया कि योग्यता के आधार पर आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए भर्तियां करेंगे। पारदर्शी तरीके से 4.5 लाख भर्तियां की। पहले कहा जाता था कि देश के विकास में यूपी बाधक है। हमने राज्य की छवि बदली है। आज यूपी निवेश का सबसे बड़ा गंतव्य बना है। देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।

शुक्रवार को लोकभवन में लोक सेवा आयोग से चयनित 110 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं। इस मौके पर उन्होंने अपने हाथों से 14 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए।

अध्यक्ष राजस्व परिषद मुकुल सिंघल ने कहा कि न्यायालय खाली पड़े हैं, काम लंबित हैं। इस समय 15 लाख मुकदमे लंबित हैं। अच्छे अभ्यर्थी चयनित होकर आ रहे हैं। हर साल नौ हजार अतिरिक्त मुकदमे निस्तारित करने में मदद मिलेगी। राजस्व राज्य मंत्री क्षत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि नायब तहसीलदार राजस्व की रीढ़ होते हैं। राज्य में ड्रोन के माध्यम से खतौनी की तरह ही घरौनी बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है।

## यूपी की अर्थव्यवस्था देश में नंबर एक पर होगी

मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकार की अव्यवस्थाओं की बखिया उधेड़ी। कहा आजादी के समय यूपी में प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के बराबर था। वर्ष 2016 में यह एक तिहाई पर आ गया था। हमने प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने का काम किया है। पहले लोग कोसते थे कि देश विकास नहीं कर रहा है तो उसका कारण यूपी है। आज 44 योजनाओं में यूपी देश में नंबर एक है। मुख्यमंत्री ने कहा यह नया यूपी है। अगले छह साल में इसे देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाएंगे।

## तहसीलदार पहले दिन से ईमानदारी से काम करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याणकारी सरकार और सुशासन की धुरी थाना और तहसील हैं। नए नायब तहसीलदारों के आने से जनसुनवाई को गति मिलेगी। राजस्व वादों का निस्तारण हो जाए तो राज्य में आधे से अधिक विवाद समाप्त हो जाएं। सुशासन के साथ ही विकास में भी नायब तहसीलदारों की अहम भूमिका होती है। नवनियुक्त नायब तहसीलदारों से कहा कि हमने पारदर्शी भर्ती की है सरकार की भी आपसे अपेक्षा है कि पारदर्शी तरीके से काम करें।